कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक – उनि/सशि/एफ–501/निःपु/पापु/2021–22/427 दिनांक – 11/6/2021

सचिव,
राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल,
जयपुर।

विषय :– शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिए कक्षा 10 की 'राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति' निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों की मांग के संबंध में।

प्रसंग :– 1. इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक 386 दिनांक 08.04.2021

2. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर का पत्रांक मा.शि.बो./एसीए/पुस्तक लेखन/2021/टी–129 दिनांक 08.06.2021

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र 01 द्वारा शैक्षिक सत्र 2021–22 में कक्षा 10 में 'राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति' विषय की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की मांग का आकंलन माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के गत वर्ष के पाठ्यक्रम को ध्यान मे रखते हुए 50 प्रतिशत नई एवं 50 प्रतिशत पुरानी पाठ्य पुस्तकों के उपयोग के आधार पर किया गया था।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर ने प्रासंगिक पत्र 02 द्वारा अवगत करवाया है कि कक्षा 10 की उक्त पाठ्य पुस्तक में पाठ्य सामग्री के कुछ अंश अतिसंवेदशील रहे है। प्राप्त सभी आपत्तियों एवं विषय विशेषज्ञों कमेटी गठित कर पुनः निरीक्षण करवाकर तद्नुसार संशोधन किए गए है, इसलिए उक्त पुस्तक का सभी विद्यार्थियों को नवीन संस्करण ही उपलब्ध करवाया जाए।

अतः उक्त क्रम में कक्षा 10 की 'राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति' विषय की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की जिला एवं ब्लॉकवार मांग शत–प्रतिशत प्रेषित की जा रही है तद्नुसार मुद्रण एवं वितरण करवाते हुए इस कार्यालय को अवगत करवाएं।

संलग्न उपर्युक्तानुसार (07 पृष्ठ)

www.rajteachers.com

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम मे सूचनार्थ।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी उपर्युक्तानुसार कक्षा 10 की राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति' विषय की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्राप्त कर तद्नुसार सभी पात्र विद्यार्थियों को शत–प्रतिशत नवीन संस्करण ही वितरण करवया जाना सुनिश्चित करें।
3. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

429